# कृपा कर दो | By Beena Bhatt

कृपा कर दो दया करदो सभी पे अब ओ मेरे श्याम
तुम आ जाओ तुम आ जाओ कभी तो मेरे घर भी श्याम

तुम आये तो सोई तक़दीर हमारी जग उठेगी श्याम
बुझे दीपक की ये ज्योति ख़ुशी से जल उठेगी श्याम
बहेंगे अश्क़ इन आँखों से ख़ुशी से तब ओ मेरे श्याम
कृपा करदो दया करदो ..........

तेरे दरबार के बिन ये हमारा दिल तड़पता हैं
नहीं माने बड़ा नादान बिन दर्शन तरसता है
इसे समझाएं अब कैसे तू ही बतला ये प्यारे श्याम
कृपा करदो दया करदो ..........

घटा घनघोर पापों की अजब सी छा गई है श्याम
परेशान है तेरे दीवाने हालत हो गई क्या श्याम
ज़रा तुम देख लो आकर, सभी के प्यारे बाबा श्याम
तुम आ जाओ तुम आ जाओ कभी तो मेरे घर भी श्याम
कृपा करदो दया करदो ..........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a5%83%e0%a4%aa%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%a6%e0%a5%8b-by-beena-bhatt/